सफलता की कहानी कास्तकार की जुबानी

मै भारतीय सेना से अवकाश प्राप्त कैप्टन डी0एन0वेलवाल पुत्र स्व0श्री देबी दत्त वेलवाल निवासी ग्राम भडगॉव जिला अल्मोडा निम्न प्रकार मेरे द्वारा किये गये विकास कार्यो के बारे में अवगत कराता हूॅ।

28 वर्ष तक सेना में रहकर देश सेवा करने के बाद जुलाई 1997 में सेवानिवृत हुआ। सेवानिवृत होने के बाद मैं अपने मूल स्थाई निवास स्थान भडगॉव में रहने लगा हूॅ। यहा रहने के बाद मेरी रूचि समाज सेवा एवं बागवानी/कृषि क्षेत्र में रही है। वर्ष 2002–03 में मैने बागवानी विकास क्षेत्र के लिए प्रभारी उ0स0द0 केन्द्र,बमस्यू से सम्पर्क किया। प्रभारी सचल दल केन्द्र द्वारा सर्वप्रथम हा0टे0मि0 योजना अन्तर्गत एक पोलीटैक मंजूर किया मैनें उक्त टैक को वर्षाती के पानी से भरा जो आज भी पानी से भरा हुआ है। वर्ष 2003–04 में मैने 400 फलदार पेड़ लगाये और पालीटैक में एकत्रित पानी से उनकी सिचाई की आज वर्ष 2008 में मेरे पास 80 प्रतिशत फलदार पौधे जिवित है। वर्ष 2004 में मैने एक पालीहाउस हा0टै0मि0 अन्तर्गत अनुदान राशि से बनाया वर्ष 2005–06 में मैने रू. 30000 रा0सहा0पर वर्मी कम्पोस्ट पिट का निर्माण किया वर्तमान में मेरे पास अपने बगीचे के लिए पर्याप्त मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट खाद उपलब्ध है। उक्त खाद को मै सब्जी उत्पादन के प्रयोग में ला रहा हूॅ जिससे सब्जी का उत्पादन भी बढा है। मेरे द्वारा सब्जी क्षेत्रफल विस्तार के अन्तर्गत हाईब्रिड बन्दगोभी का उत्पादन भी किया जा रहा है। मैं प्रभारी सचल दल एवं हा0टे0मि0 के अधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूॅ व भविष्य में भी सहयोग देने के लिए कामना करता हूॅ जिससे हमारा समाज उन्नति की ओर बढ सके ।



फल क्षेत्रफल विस्तार
श्री दयानन्द पुत्र श्री देबीदत्त ग्राम भडगॉव
उ0स0द0 केन्द्र,बमस्यू जिला अल्मोड़ा





वर्मी कम्पोस्ट पिट
श्री दयानन्द पुत्र श्री देबीदत्त ग्राम भडगॉव
उ0स0द0 केन्द्र,बमस्यू जिला अल्मोड़ा

सब्जी क्षेत्रफल वितस्तार बन्दगोभी
श्री दयानन्द पुत्र श्री देबीदत्त ग्राम भडगॉव
उ0स0द0 केन्द्र,बमस्यू जिला अल्मोड़ा

मसाला क्षेत्रफल विस्तार– अदरख
श्री दयानन्द पुत्र श्री देबीदत्त ग्राम भडगॉव
उ0स0द0 केन्द्र,बमस्यू जिला अल्मोड़ा